तापमान

अधिकतम 27.5 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

12 गंगाजल लाने वाले कांवड़ियों को करवाना होगा रजिस्ट्रेशन...



12 हर वार्ड में सफाई व स्ट्रीट लाइट पर नजर रखेगी कमेटी, चार सदस्य...



## खबर संक्षेप

### 550 ग्राम अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे सोनू कुमार वासी मोहमदपुर जिला बुलंदशहर यूपी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 550 ग्राम अफीम बरामद की तथा नशीला पदार्थ सप्लाई करने की महिला आरोपी वासी करनाल को भी गिरफ्तार कर लिया।

### बेटे की मौत खबर सुनकर मां ने सदमे में दम तोड़ा

**इसराना।** ब्लाक इसराना के गांव जौंधन कलां में एक मां को अपने बेटे की मौत का फोन उसके घर पर आया तो उसकी मां ने दम तोड दिया। परिजनों ओर ग्रामीणों ने दोनों मां बेटे की सामूहिक अंत्येष्टि की। गांव जौंधन कलां का यश उर्फ नितिन 22 साल उत्तराखंड के जिला बागेश्वर के गांव भुनार पोस्ट आफिस से गांव सामया में डाक वितरण के लिए बुधवार को सुबह डाक लेकर निकला व रास्ते में जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। जिस से उस की बाइक असंतुलन होकर गहरी खाईं में गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**पानीपत।** पानीपत में नेशनल हाईवे. 709 पर गांव कुराड़ के पास हुए सडक़ हादसा में एक आईटीआई स्टूडेंट की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके तीन अन्य दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर चार दोस्त सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस व एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसा सनौली थाना क्षेत्र में कुराड़ गांव के पास हुआ। जहां एक बाइक पर सवार सवार होकर चार दोस्त कुराड़ गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी ट्रैक्टर के साथ टक्कर हो गई। चार में से एक की मौके पर मौत हो गई। और बाकी के तीन दोस्त घायल हो गए। मृतक की पहचान 16 वर्षीय अंशु के रूप में हुई है।

### जमीनी विवाद को लेकर युवक ने निगला जहर, मौत

**पानीपत।** युवक ने जमीनी विवाद के चलते परेशान होकर जहरीले पदार्थ निगल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं जहरीला पदार्थ सेवन करने से पूर्व युवक ने उस जमीन पर पहुंचकर वीडियो भी बनाया, जिस जमीन को लेकर ये पूरा विवाद चल रहा था। वहां उसका चाचा और चचेरा भाई जबरन कब्जा करने आए हुए थे। शिकायत के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है। मृतक युवक के पिता जगदीप ने बताया कि मृतक सोनू उसका बेटा था।

# अंबाला सदर नगर परिषद के लिए तीन पार्षद हुए मनोनीत

- बराड़ा व नारायणगढ़ नगरपालिका के लिए भी दो-दो सदस्य मनोनीत, निकाय की मीटिंग में हिस्सा लेने का मिलेगा मौका, न चुनाव लड़ सकते हैं न ही सदन में वोटिंग का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा जारी दो अलग अलग नोटिफिकेशन के जरिए यहां की तीन नगरपरिषद व नगरपालिकाओं के लिए सदस्य मनोनीत कर दिए गए। अंबाला कैंट की सदर नगर परिषद के लिए मदन लाल शर्मा, बीएस. बिंद्रा और पूर्व निगम सदस्य जसबीर सिंह जस्सी को सदस्य मनोनीत किया गया जबकि बराडा नगरपालिका समिति के लिए बलजिंदर सिंह और सोहन लाल प्रजापत को सदस्य बनाया गया। जबकि नारायणगढ़ नगरपालिका के लिए सुरजीत सिंह और संजीव कौशिक को सदस्य मनोनीत किया गया। बराड़ा व अंबाला सदर नगर परिषद के लिए कुछ महीने पहले ही चुनाव हुए थे जबकि नारायणगढ़ नगरपालिका के चुनाव काफी समय पहले हो चुके हैं। हालांकि यहां किसी नए सदस्य को शहरी निकाय विभाग की ओर से मनोनीत नहीं किया गया था। तीनों जगह सदस्यों के मनोनीत होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ उनका अभिनंदन किया। बता दें कि संविधान के अनुच्छेद 243 (आर) के अनुसार बल्कि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994, जो प्रदेश की सभी नगर निगमों पर लागू होता है की धारा 4 और हरियाणा नगरपालिका कानून 1973, जो प्रदेश की सभी नगरपालिका परिषदों एवं नगरपालिका समितियों पर लागू होता है की धारा 9 में प्रदेश सरकार द्वारा सम्बंधित नगर निकायों में उन व्यक्तियों को ही सदस्य के रूप में मनोनीत करने का उल्लेख है जो नगरपालिका प्रशासन में विशेष ज्ञान या अनुभव रखते हो। नगर निगम और नगरपालिका परिषद में अधिकतम 3 जबकि नगरपालिका में अधिकतम 2 सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किया जा सकता है। हालांकि वास्तविकता यह है कि प्रदेश सरकार म्युनिसिपल प्रशासन में विशेषज्ञों के स्थान पर सत्तारूढ़ पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को ही सदस्य मनोनीत करती है। कई बार तो नगर निकाय के संपन्न हुए आम चुनावों में सत्ताधारी पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ पराजित हुए उम्मीदवारों को या जिन पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव में टिकट नहीं मिल सकी थी को भी सदस्य मनोनीत कर नगर निकाय में समायोजित कर दिया जाता है।

## पूर्व निगम सदस्य जस्सी को मिली जगह

### मंत्री विज से सदस्यों ने लिया आशीर्वाद

अंबाला। परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आशीर्वाद लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं एवं गुलदस्ते भेंट किए। विज ने खुशहाली की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि गुरु हमें सही दिशा दिखाते हैं और जीवन को सार्थक बनाते हैं। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर नगर परिषद में नवनियुक्त मनोनित सदस्य जसबीर सिंह जस्सी, बीएस बिंद्रा और मदनलाल शर्मा ने विज से आशीर्वाद लिया। पहले नगर परिषद चुनाव में 32 में से 25 सदस्य भाजपा के विजयी हुए थे। नवनियुक्त मनोनीत सदस्यों की शपथ कल 11 जुलाई को नगर परिषद खुखरैन भवन में प्रातः 11 बजे होने वाली मीटिंग में दिलवाई जाएगी।



### न चुनाव लड़ने, न वोट का अधिकार

म्यूनिसिपल एक्ट के जानकार एडवोकेट हेमंत कुमार बताया की नगर निकाय में मनोनीत सदस्य सदन की किसी भी बैठक चाहे सामान्य या विशेष में वोट नहीं डाल सकते हैं। यही नहीं कानूनन वह सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव भी नहीं लड़ सकते हैं। चूंकि मनोनीत सदस्यों को वोटिंग अधिकार नहीं होता इसलिए उनके नगर निगम की विभिन्न कमेटियों (समितियों ) का सदस्य भी नहीं बनाया जा सकता है। नगर निगम कानून और उनके अंतर्गत बनाए निर्वाचन नियमों में मनोनीत सदस्यों की शपथग्रहण का भी कोई प्रावधान या उल्लेख नहीं है। इस संबंध में विभाग के प्रशासनिक सचिव या आयुक्त एवं सचिव द्वारा जारी एवं सरकारी गजट में प्रकाशित गजट नोटिफिकेशन ही पर्याप्त होती है। नगर निगम में मनोनीत सदस्य को प्रतिमाह 15 हजार रुपये, नगरपालिका परिषद में मनोनीत सदस्य को प्रतिमाह 12 हजार रपये जबकि नगरपालिका समिति में मनोनीत सदस्य को प्रतिमाह 8 हजार रुपये मानदेय प्राप्त होता है। इस संबंध में सारा व्यय ( खर्चा) हरियाणा सरकार के खजाने से नहीं बल्कि संबंधित नगर निकाय के फंड में से ही किया जाता है। बेशक नगर निकाय की प्रतिमाह बैठक हो या न हो लेकिन सभी पदाधिकारियों को हर महीने मानदेय की धनराशि अवश्य प्राप्त होती है।

## 8 सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर 47 लाख 3 हजार 77 रुपये के सौंपे चेक

# नगर निगम ने छह सम्पत्ति कर डिफाल्टरों पर की कुर्की की कार्रवाई

निगम ने दो दिन में 1 करोड़ 40 लाख 87 हजार 77 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी की, डिफाल्टर संस्थानों पर कार्रवाई रहेगी जारी: निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सम्पत्ति कर डिफाल्टरों के विरूद्ध नगर निगम करनाल ने एक ओर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। गुरूवार को शहर की 6 वाणिज्यिक सम्पत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई की गई। इन सम्पत्तियों पर 26 लाख 83 हजार 234 रुपये का सम्पत्ति कर लंबे समय से बकाया चला आ रहा था, जिस कारण यह डिफाल्टर की श्रेणी में थे। इन सम्पत्तियों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 130 के तहत अटैच किया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

कार्रवाई की जानकारी देते उन्होंने बताया कि गुरूवार को 15 सम्पत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की जानी थी। इनमें से 6 को अटैच कर लिया गया है, जबकि 8 सम्पत्ति मालिकों ने अटैचमेंट की कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर ही 47 लाख 3 हजार 77 रुपये की राशि के चेक टीम को सौंप दिए। इसके अतिरिक्त राम नगर की रेलवे लाईन के नजदीक एक पशु डेयरी, 4 लाख 18 हजार 100 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए एक दिन का समय मांगा है। अगर यह इस अवधि में सम्पत्ति कर अदा नहीं करता, तो इस पर भी कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

मच्छली पालन विभाग ने जमा करवाए 34 लाख रुपये- उन्होंने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्तमच्छली पालन विभाग करनाल कार्यालय द्वारा भी 34 लाख रुपये का सम्पत्ति कर जमा करवाया गया है।

इसके अतिरिक्त सेक्टर-32 स्थित एक सम्पत्ति मालिक द्वारा 13 लाख 70 हजार रुपये तथा सेक्टर-7 स्थित एक सम्पत्ति मालिक द्वारा 8 लाख 14 हजार रुपये सम्पत्ति कर जमा करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बुधवार को भी 38 लाख रुपये की प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी की गई थी। इस प्रकार बुधवार और गुरूवार, दो दिनों को मिलाकर कुल 1 करोड़ 40 लाख 87 हजार 77 रुपये की प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी की गई है, जिसमें से गुरूवार को 1 करोड़ 2 लाख 87 हजार 77 रुपये नगर निगम के खजाने में जमा हुए हैं।

इन सम्पत्तियों को किया कुर्क- कार्रवाई के दौरान 6 डिफाल्टर सम्पत्तियों की कुर्की की गई है। इनमें उचाना गांव की एक वाणिज्यिक सम्पत्ति 408259 रुपये, बलड़ी वाईपास चौक स्थित एक लकड़ी का टिम्बर 491667 रुपये, बसंत विहार गली नम्बर 13 के पास मिक्स यूज प्रॉपर्टी की 5 दुकान 410974 रुपये, नमस्ते चौक स्थित इंडियन मोटर्स 579773 रुपये, शिवाजी कॉलोनी स्थित एक कबाड़ दुकान 357836 रुपये तथा संधूजा वूड गैलरी 434725 रुपये है।

### सम्पत्ति कर जमा नहीं कराने पर होगी निलामी

निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि यदि अटैचमेंट की गई सम्पत्तियों के मालिकों द्वारा नगर निगम में सम्पत्ति कर जमा नहीं करवाया जाता, तो उनकी सम्पत्तियों को नीलाम कर नगर निगम सम्पत्ति कर वसूल करेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान, पेट्रोल पम्प तथा अन्य वाणिज्यिक बकायादार संस्थान जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर निश्चिंत हो जाएं। उन्होंने यह भी चेताया की कुर्की की गई सम्पत्तियों को अगर कोई व्यक्ति अतिक्रमण या किसी प्रकार की छेड़छाड़ करता है, तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बकायादार संस्थानों से प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

### कुछ ने मौके पर जमा किया टैक्स

इन सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर जमा करवाया प्रॉपर्टी टैक्स- अटैचमेंट कार्रवाई के दौरान 8 सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर सम्पत्ति कर जमा करवाया है। इनमें उचाना गांव स्थित एक टाईल फैक्ट्री 826926 रुपये, उचाना गांव में ही एक अन्य कमर्शियल प्रॉपर्टी 836234 रुपये, बसंत विहार उप्पल डेयरी 3 लाख 80 हजार रुपये, असंट टाऊन की एक प्रॉपर्टी 338107 रुपये, नमस्ते चौक स्थित एक प्रॉपर्टी 432516 रुपये, बुटा सिंह कॉलोनी पंवार मोटर्स 1040536 रुपये, मै. अनमोल एजेंसिस 491088 रुपये तथा नावल्टी रोड स्थित एक प्रॉपर्टी 357836 रुपये शामिल है। उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर एकत्र करने को लेकर उपरोक्त सभी सम्पत्ति मालिकों को 2-2 नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद इन्हें व्यक्तिगत तौर पर जाकर अटैचमेंट का नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु सम्पत्ति मालिकों के द्वारा इसे गम्भीरता से नहीं लिया गया, जिसके चलते अटैचमेंट की कार्रवाई गई। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए उप निगम आयुक्त अभय सिंह को ड्यूटि मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था, जबकि क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर तथा प्रवर्तन दल में सहायक जितेन्द्र लिपिक, कर अधीक्षक सुनील कुमार, लिपिक हर्ष कुमार व प्रदीप कुमार तथा पुलिस फोर्स मौजूद रही।



यमुनानगर। सिविल अस्पताल में मिले व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई करती पुलिस।

# सिविल अस्पताल में बाथरूम में मिला व्यक्ति का शव

- छह जुलाई को अस्पताल में इलाज के लिए आया था मृतक
- अंदर से बंद था बाथरूम, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के सिविल अस्पताल से वीरवार सुबह बाथरूम से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान छछरौली निवासी 50 वर्षीय अजय के रूप में हुई। मृतक की जेब से उसका आधार कार्ड व छह जुलाई की अस्पताल की पर्ची बरामद हुई है। बाथरूम अंदर से बंद था। दुर्गंध होने पर अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर मृतक को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल के बाथरूम से आज सुबह दुर्गंध आ रही थी। बाथरूम अंदर से बंद था। सफाई कर्मचारी ने मामले की सूचना अस्पताल प्रशासन को दी। अधिकारियों ने इस बारे पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही रामपुरा पुलिस चौंकी प्रभारी सुनील टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के बाथरूप का दरवाजा तोड़कर देखा तो अंदर एक व्यक्ति का शव पड़ा था। शव से दुर्गंध आ रही थी। जब मृतक की तलाशी ली गई तो उसके पास से आधार कार्ड व छह जुलाई की अस्पताल की एक पर्ची बरामद हुई। आधार कार्ड से मृतक ही पहचान छछरौली निवासी 50 वर्षीय अजय के रूप में हुई। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे।

### क्या कहते हैं जांच अधिकारी

*रामपुरा चौंकी इंचार्ज सुनील ने बताया कि मृतक से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हुई है। शव पूरी तरह से सड़ चुका था। शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।*

### दामाद ने साथियों संग ससुर पर चाकू से किया हमला

**यमुनानगर।** शहर के आईटीआई चौक के पास दामाद ने अपने दर्जनों साथियों के साथ मिलकर चाकू से अपने ससुर पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी की अपनी पत्नी के साथ नहीं बनती थी। उसका ससुर अपनी बेटी व बच्चों को लेकर अपने घर आ गया था। तैश में आकर आरोपी व्यक्ति ने साथियों के साथ अपने ससुर पर हमला किया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार यमुनानगर निवासी भोलानाथ ने बताया कि उसकी आईटीआई के नजदीक अगरबत्ती की दुकान है। उसने अपनी बेटी की शादी मुलाना निवासी ऋषिपाल के साथ की थी। उनके पास दो बच्चे हैं। उसकी बेटी को ससुराल में काफी दिनों से परेशान किया जा रहा है। मंगलवार रात को भी उसके दामाद ने बेटी के साथ मारपीट की। सुबह उसकी बेटी ने फोन करके उसे घटना के बारे में बताया।

# बपौली में चल रही थी मिठाई बनाने की अवैध फैक्टरी, सीएम फ्लाइंग ने किया भंडाफोड़



शहजादपुर। अवैध फैक्टरी में पकड़े गए रसगुल्ले व गुलाब जामुन।

- संचालकों के पास नहीं मिला कोई लाइसेंस, जांच टीम ने मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

सीएम फ्लाइंग ने गांव बपौली गांव के एक मकान में मिठाइयां बनाने की अवैध रूप से चल रही फैक्टरी का भंडाफोड किया है। टीम ने जब दबिश दी तो खुले में ही रसगुल्ले, गुलाब जामुन, पनीर आदि के टब भरे पड़े थे। सभी पर मक्खियां भिनभिना रही थी। उनको ढका तक नहीं गया था। टीम ने सभी के सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे। सीएम फ्लाइंग की टीम ने यह दबिश फूड सेफ्टी ऑफिसर के साथ सुबह 6 बजे दी गई थी। जांच टीम ने ने जब मिठाईयां बनाने से जुड़ा लाइसेंस मांगा तो वो भी नहीं मिला था। सैंपल आने तक फैक्टरी को बंद करवाया दिया गया है। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उसके उपरांत टीम ने एक पुराने मामले की जांच करते हुए मुलाना के धन्यौड़ा गांव में भी गुड़ व चक्कर बनाने वाली फैक्टरी में दबिश देकर उनका रिकॉर्ड खंगाला।

### लाभ का लालच देकर व्यक्ति से ठगे पांच लाख 83 हजार रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर शहर के शर्मा गार्डन निवासी प्रतीक वर्मा से पांच लाख 83 हजार रुपये ठग लिए। जब उसने अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के शर्मा गार्डन निवासी प्रतीक वर्मा ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत तीन मई को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो वह टेलग्राम में एक ग्रुप से जुड़ गया। इसके बाद ठगों ने उससे टास्क पूरा करके अधिक लाभ कमाने का लालच दिया। पहले तो आरोपियों ने उसे आसान से टास्क दिए। जिनको उसने आसानी से पूरा कर लिया। आरोपियों ने टास्क पूरा करने के बाद उसे प्रोफिट के पैसे उसके अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे पेड टास्क देने शुरू कर दिए।

## हल्की बारिश व बुंदाबांदी से दोपहर तक जनजीवन हुआ अस्तव्यस्त

# हल्की बारिश और बूंदाबांदी ने उमस से दिलाई राहत

- जिले में वीरवार को कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई तो कई स्थानों पर दोपहर तक रुक रुक कर हुई बुंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में वीरवार को कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई और कई स्थानों पर दोपहर तक बुंदाबांदी होने और दिन भर आसमान में बादल छाए रहने से लोगों को मौसम में बनी उमस से राहत मिली। वहीं, हल्की बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

वीरवार सुबह जिले के यमुनानगर समेत कई स्थानों पर कहीं हल्की तो कहीं बुंदाबांदी हुई। वहीं, दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर तक रुक रुक कर बुंदाबांदी होती रही। जिसकी वजह से लोगों की सड़कों पर आवाजाही कम रही। बुंदाबांदी होने से सड़कों पर कीचड़ बन गया। जिससे जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हुई। जिन्हें सड़कों पर बुंदाबांदी ने कम उस पर बने कीचड़ के छींटों ने ज्यादा परेशान किया। खास बात यह रही कि दोपहर तक बुंदाबांदी होने से मौसम में बनी उमस से लोगों ने राहत की सांसल ली।



यमुनानगर। बारिश में भीगते हुए अपने गंतव्य पर जाते लोग।

### अगेती धान के लिए बुंदाबांदी लाभदायक

किसान प्रेम सिंह, सुधीर कुमार, सतविंद्र सिंह, गुरनाम सिंह, राजबीर, महेंद्र कुमार, सुरेश पाल व रामेश्वर आदि ने बताया कि वीरवार को जिले में हुई हल्की बारिश व बुंदाबांदी से धान की अगेती फसल को काफी लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि इस समय अगेती धान की फसल में ग्रोथ शुरु हो गई है। ऐसे समय में हल्की बारिश व बुंदाबांदी धान की फसल की गोभ में गिरने से बीमारियों से बचाव होता है और फसल की ग्रोथ में बढ़ोतरी होती है।

### सरस्वती नगर में हुई सर्वाधिक बारिश

वीरवार को जिले के सरस्वती नगर में 24 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं, जगाधरी में 6 एमएम, व्यासपुर में 4 एमएम, रादौर व छछरौली में 19-19 एमएम, साढ़ौरा व प्रताप नगर में दस-दस एमएम बारिश दर्ज की गई।

### तापमान में आई गिरावट

वीरवार को जिले के कई स्थानों पर हुई हल्की बारिश और बुंदाबांदी के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# विकास कार्यों में प्रदेश में टॉप नगर निगम यमुनानगरः घनश्याम दास

◆ सिटी विधायक व मेयर ने नगर निगम के वार्ड आठ और 22 में 47.60 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रदेश के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाना ही सरकार की पहली प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर में समान रुप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उक्त शब्द सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने वीरवार को यमुनानगर के वार्ड आठ व 22 में 47.60 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास व निर्माण कार्य का उद्घाटन करते हुए कहे। मौके पर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी, पार्षद विभोर पाहुजा व पार्षद रूचि कांबोज मौजूद रहे।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि वीरवार को जिन विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। उनमें नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर आठ के कमला नगर व योगेश नगर में 18 लाख 40 हजार रुपये की लागत से गलियों व नालियों का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह वार्ड नंबर 22 की सरोजनी कॉलोनी में 29 लाख 20 हजार की लागत से गली का निर्माण किया जाएगा।

## निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहींः मेयर



यमुनानगर। विकास कार्यों का शिलान्यास करते सिटी विधायक व मेयर।

### ट्रिपल इंजन सरकार हो रही कारगर

विधायक ने कहा कि प्रदेश और शहर के प्रत्येक कोने तक विकास की रोशनी पहुंचे। यही भाजपा की प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। लोगों को हर सुविधा मिले वह लगातार निगम व प्रशासन के साथ समन्वय से कार्य कर रहे हैं। यमुनानगर में ट्रिपल इंजन सरकार से विकास कार्यों में नगर निगम यमुनानगर प्रदेश में अग्रणी है। जल्द ही पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट, हमीदा हेड के पास नौ एकड़ क्षेत्र में सुंदर पार्क, ओपन एयर थिएटर और ऑडिटोरियम समेत जल्द अनेक प्रोजेक्ट की सौगात मिलेगी।

### विकास से लोगों की राह होगी आसानः मेयर

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि वार्ड आठ व 22 में विकास होने से क्षेत्र के लोगों की राह आसान होगी। पानी निकासी की समस्या का समाधान होगा। हमारा उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं है, बल्कि हर वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं देना है। जिससे जनता को जभराव से निजात मिलेगी। गलियों व सड़कों के निर्माण से आवागमन शुगम होगा। मेयर ने एजेंसियों व ठेकेदारों को विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। अधिकारियों को भी तीनों विकास कार्यों पर विशेष निगरानी रखकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़, मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, अंकित कपिल, मनीषा अग्रवाल, दीक्षा बरार व इश्मीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### घर से चुराई 50 हजार की नकदी व आभूषण

**यमुनानगर।** रादौर की भगत सिंह कॉलोनी में चोरों ने दोपहर के समय घर का ताला तोड़कर 50 हजार की नकदी और सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रमन वर्मा ने बताया कि वह बुधवार दोपहर करीब एक बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। करीब आधे घंटे बाद जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 50 हजार रुपये की नकदी तथा सोने व चांदी के आभूषण गायब मिले। जिनकी कीमत करीब 80 हजार रुपये है। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म

यमुनानगर। व्यासपुर थाने के एक गांव की युवती के साथ युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती ने बताया कि उसकी कार्तिक उर्फ कृष्ण के साथ दोस्ती थी व अक्सर उससे फोन पर बात करता था। आरोपी ने शादी करने की बात कहकर उसे मिलने के लिए जगाधरी बुलाया। जहां उसे होटल में ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी इसके बाद भी उससे दुष्कर्म करता रहा। जब उसने शादी करने का दबाव डाला तो आरोपी ने मना कर दिया। इस बारे में किसी को बताने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

## कावड़ यात्रा के दौरान हर गतिविधि पर रखी जाएगी नजर: एडीसी

# आज से कांवड़ यात्रा का आगाज 23 तक लकड़मंडी भी रहेगी बंद

यात्रा के रूट पर महिला और पुरुष कावड़ियों के लिए बनाए गए है अलग अलग शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक, भाईचारा व हर्षोल्लास से संपन्न करवाए जाने को लेकर एडीसी नवीन आहूजा ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें अधिकारियों को निर्देष देने के साथ जिलावासियों से भी यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

एडीसी ने जिलेवासियों से कावड़ यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न करवाए जाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। कावड़ यात्रा के दौरान अपने आस पास होने वाली घटनाओं का ध्यान रखें और घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दें। कावड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रबंध किए जा रहे हैं। यह कावड़ यात्रा 11 जुलाई से 23 जुलाई तक चलेगी। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने नेशनल हाईवे के संबंधित अधिकारियों को सड़कों पर मार्किंग पीली पट्टी की लगाई जाने के निर्देश दिए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम को खाने की क्वालिटी की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में 10 क्रेनों की व्यवस्था भी की जाएगी। जो कि आरटीए विभाग, परिवहन विभाग व ट्रैफिक पुलिस के द्वारा किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने जिला के सभी विभाग जिनके कावड़ से संबंधित जो भी कार्य हैं उन्हें समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि कावड़ियों के शिविर लगाने के लिए स्वयं सेवी संस्थाएं संबंधित एसडीएम से अनुमति लें।




यमुनानगर। कावड़ यात्रा की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते एडीसी।



यमुनानगर। पुलिस को घटना की जानकारी देते कावड़िये।

### मीट की दुकानें रहेंगी बंद, लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

एडीसी ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान लकडमंडी यमुनानगर जगाधरी बंद रहेगी। कांवड़ यात्रियों के लिए शिविर लगाने से पहले संबंधित एसडीएम से अनुमति अवश्य लें तथा मीट की दुकानों को बंद रखें। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए लाउडस्पीकर की आवाज कम रखें। एडीसी ने कहा कि यात्रा के मार्ग पर महिला व पुरुष कांवड़ियों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्वस्था रहेगी। कांवड़ियों के शिविर दूसरे धार्मिक स्थलों से दूर लगाए जाएं। पार्किंग व्यवस्था भी सड़क से दूर रखी जाए, ताकि यातायात व्यवस्था में कोई व्यवधान पैदा न हो और कावड़ यात्रा सुचारू रूप से चलती रहे। शिविरों के आयोजक कावड़ शिविरों में सीसीटीवी कैमरों की उचित व्यवस्था करवाएं। इस मौके पर डीएसपी कंवलजीत, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल इत्यादि उपस्थित रहे।

### कावड़ के पास बैठ शराब पीने से रोका, पिटाई

■ कार में सवार होकर आए थे आरोपी, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी।

**यमुनानगर।** जगाधरी व्यासपुर रोड गांव हरनौली के पास एक पेट्रोल पंप के पास बीती रात कावड़ के पास बैठकर शराब पीने से रोकने पर चार युवकों ने कावड़ियों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने कावड़ियों की कार के शीशे भी तोड़ दिए। कावड़ियों ने खेतों में कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पिंजौर के गांव पत्तन निवासी करण ने बताया कि वह अपने ममेरे भाई यश, दोस्त खेड़ावाली निवासी गगनदीप के साथ 25 जून को पत्तन पिंजौर से हरिद्वार कावड़ लेने के लिए निकले थे। 26 जून को 91 लीटर गंगाजल लेकर पैदल यात्रा शुरू की। 15 दिन बाद बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे जगाधरी-व्यासपुर रोड स्थित हरनौली गांव पहुंचे। उनका इंडियन ऑयल पैट्रोल पंप पर रुकने का प्लान था। वह अपनी कार को साइड में खड़ी करके खाना बनाने लगे। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार आई। उसमें से चार युवक उतरे और कांवड़ के पास बैठकर शराब पीने लगे। जब उन्होंने युवकों का विरोध किया तो एक युवक ने शराब की बोतल गाड़ी के बोनट पर रख दी। जिसके पास ही कावड़ रखी हुई थी। जिस पर उनकी आरोपी युवकों से बहस हो गई। आरोपी युवकों ने उन्हें वापस आकर देख लेने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी वहां से चले गए। आरोपी रात करीब सवा दस बजे कार में सवार होकर वापस लौटे तथा उनके हाथों में डंडे थे। आरोपियों ने आते ही उनकी कार के शीशे तोड़ने शुरू कर दिए। इसके बाद आरोपी मारने के लिए उनकी तरफ भागे तो उन्होंने खेतों में कूदकर अपनी जान बचाई। जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। जिसके बाद उन्होंने घटना की सूचना डायल 112 पर दी तथा सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर आरोपियों का पता लगाने के लिए पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी।



यमुनानगर। दुर्गा हनुमान मंदिर में पुजारियों व गुरुओं को सम्मानित करती मेयर।

## मनुष्य को जीवन के हर मोड़ पर दिशा दिखाते हैं गुरु : मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने श्री दुर्गा हनुमान मंदिर पहुंचकर माथा टेक का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर के पुजारी केशव दत्त को सम्मानित किया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा गुरु केवल व्यक्ति नहीं होते बल्कि वे विचार, मार्गदर्शन और ऊर्जा होते हैं जो जीवन के हर मोड़ पर दिशा दिखाते हैं। गुरु ही वह शक्ति हैं जो हमें अज्ञान से ज्ञान और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती हैं। उन्होंने भावुक होकर अपनी जीवन यात्रा साझा की कि कैसे उन्होंने एक अध्यापक के रूप में समाज सेवा की शुरुआत की। फिर जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में दायित्व निभाया और आज जनता के आशीर्वाद व गुरुओं के संस्कारों के बल पर नगर निगम की महापौर के रूप में सेवा कर रही हैं। गुरु ही वह माध्यम हैं जो आत्मा को परमात्मा से जोड़ते हैं। गुरु का सानिध्य जीवन को सही अर्थ और ऊंचाई देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी ने संस्कृति, संस्कार और गुरु परंपरा को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया है। आज सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास जैसे मूल्यों के पीछे भी एक गहरा गुरुत्व बोध और प्रेरणा है। इस मौके पर जगाधरी वर्कशॉप मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, वार्ड 20 से पार्षद विक्रम राणा, भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी विपिन साहनी, पूजा मोंगा इत्यादि मौजूद रहे।

### पार्क की कनोपियों के लिए अध्यापकों ने भेंट किए पंखें

**रादौर।** रोटरी क्लब को शहर व क्षेत्र के अध्यापकों ने महाराणा प्रताप पार्क में लगी 5 कनोपियों के लिए पांच छत के पंखें भेट किए। प्रधान राजेंद्र चोपड़ा के नेतृत्व में अध्यापक प्रवीण कुमार, कर्णवीर सिंह, कुलदीप सिंह, रामनिवास, बलजीत सिंह, सोमबीर, नीर कुमार, अमिता कुमारी, मुकेश कुमार, कृष्ण कुमार, त्रिलोक चंद, रोहताश, अशोक सिरसा, कोमल सिरसा, विजय मास्टर, सम्मत चोपड़ा व सीता राम ने रोटरी क्लब के सचिव भारत माटिया व कोषाध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा को पंखे भेंट किए। सचिव भारत माटिया व कोषाध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा ने शिक्षकों का आभार जताया।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिन लड्डू बांटकर मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से वीरवार को रादौर में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिवस मनाया गया। मौके पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जन्म 10 जुलाई 1951 को वाराणसी उत्तर प्रदेश में हुआ था। वे 13 वर्ष की आयु से 1964 में संघ परिवार से जुड़े हुए हैं और मिर्जापुर में भौतिकी व्याख्याता की नौकरी लगने के बाद भी संघ से जुड़े रहे। भारत के एक प्रमुख राजनीतिज्ञ और वर्तमान में भारत के रक्षा मंत्री हैं। वर्तमान में राजनाथ सिंह लखनऊ से सांसद हैं। वे पूर्व भारत के गृह मंत्री रह चुके हैं तथा वर्तमान सत्ता दल भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष हैं। प्रारंभ में वे भौतिकी के व्याख्याता थे पर शीघ्र जनता पार्टी से जुड़ने के लिए उन्होंने राष्टीय स्वयंसेवक संघ से अपने दीर्घ संबंधों का उपयोग किया। जिसके कारण वे उत्तर प्रदेश में कई पदों पर विराजमान हुए। राजनाथ सिंह 17वीं लोकसभा में भाजपा के उपनेता हैं। 1974 में माथे पर एक चमकदार लाल तिलक के साथ उन्हें भारतीय जनसंघ का सचिव नियुक्त किया गया।

राजनाथ सिंह ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत उत्तर प्रदेश से की। वे 2000 से 2002 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा राष्टीय जनतान्त्रिक गठबन्धन के शासन में कृषि मंत्री रहे। राजनाथ सिंह दो बार पार्टी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इससे पहले यह उपलब्धि केवल अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी के पास ही थी। राजनाथ सिंह पहली बार 31 दिसंबर 2005 को भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष बने।

## मिशन वात्सल्य से सुरक्षित होंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला महिला एवं बाल विकास के मिशन वात्सल्य के अंतर्गत रावमावि खारवन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को बाल संरक्षण की जानकारी दी गई। जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी मुकेश कंसल और गुरप्रीत सिंह व रंजन शर्मा ने मौजूद रही। मुकेश कंसल ने बताया कि बच्चों का संरक्षण एक गंभीर विषय है। बच्चे अक्सर अनजान पर विश्वास करने के चलते अपराध का शिकार हो जाते हैं। बच्चों को हर समय सावधान और सतर्क रहना चाहिए। परिजनों व शिक्षकों सभी को बच्चों के संरक्षण के लिए बाल संरक्षण मित्र बनकर सहयोग करना होगा। बच्चों को किशोर न्याय, पोक्सो अधिनियम, बाल अधिकार, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्प लाइन व पुलिस हेल्प लाइन की भी विस्तार से जानकारी दी। गुरप्रीत सिंह ने कहा कि बच्चों को गुड टच बैड टच के बजाए अब नो टच के प्रति जानकारी दी जाए। बच्चों को किसी भी स्थिति में असहज होने पर इसकी जानकारी देने चाहिए। अपराध पर लगाम लगाने के लिए बच्चों के लिए बाल संरक्षण मित्र बन कर उनके संरक्षण में सभी को सहयोग करना होगा। बाल संरक्षण मित्र का अर्थ है बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए काम करने वाला मित्र या साथी। रंजन शर्मा ने बताया की मिशन वात्स्ल्य का उदेश्य है की समाज के सहयोग से एक मजबूत बाल संरक्षण तंत्र निर्माण किया जाए जिसके तहत जागरूकता शिविरों कार्यशालाएं की जा रही हैं।

## निःशुल्क शिविर में 100 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा, फ्री में दवाई भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



संधाली में ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच कर दवाई देते स्टाफ सदस्य।

नवीन जिंदल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने गांव संधाला व संधाली में नवीन संकल्प एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सांसद के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने किया।

उन्होंने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के नवीन संकल्प एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में सैंकड़ो मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां दी गई। मरीजों को बीमारियों से बचाव को लेकर उपाय बताए गए। 11 मरीजों के रक्त व यूरिन के टेस्ट किए गए। जबकि 38 से अधिक लोगों को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सांसद नवीन जिंदल की पहल पर नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें निःशुल्क लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां दी जा रही हैं और बीमारियों बचाव के लिए उपाय बताए जा रहे हैं। लोगों को खान पान से संबंधित स्वास्थ्य वर्धक आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिविरों में सरकारी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ कैसे लें और नवीन जिंदल छात्रवृत्ति योजना लाभ कैसे उठाएं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर राजेश कुमार सरपंच, राजेश कुमार नंबरदार, सुदेश राणा, मनोज कुमार, राजेंद्र मास्टर, नदीप कुमार, हरीश राणा, महेंद्र कुमार, सुमित कुमार व विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रीति गर्ग व देवेंद्र सैनी पार्षद मनोनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



मनोनित पार्षद प्रीति गर्ग।



मनोनित पार्षद देवेंद्र सैनी

सरकार की ओर से पूर्व पार्षद प्रीति गर्ग व पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य देवेंद्र सैनी को शहर की नगरपालिका में मनोनित पार्षद नियुक्त किया गया है। पूर्व पार्षद प्रीति गर्ग पिछले नगरपालिका कार्यकाल के दौरान पार्षद रह चुकी है। जबकि मनोनित पार्षद देवेंद्र सैनी रादौर पंचायत के कार्यकाल के दौरान 2015 से 2017 तक ब्लॉक समिति के वार्ड नंबर 15 से सदस्य रह चुके है। जबकि प्रीति गर्ग पिछले काफी समय से भाजपा महिला मोरचा की अध्यक्ष के तौर पर कार्य कर रही हैं।

अबकी बार उन्होंने 2 मार्च को हुए नपा चुनावों में चुनाव नहीं लड़ा था। पार्टी के लिए बेहतर कार्य करने को लेकर उन्हें पार्टी की ओर से मनोनित पार्षद नियुक्त किए जाने की सिफारिश की गई थी। जिसका ईनाम उन्हें मिला।

पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य देवेंद्र सैनी नगरपालिका चुनावों में चेयरमैन पद के दावेदार थे। लेकिन पार्टी की ओर से उन्हें चेयरमैन पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया। जिसके बाद उन्होंने चेयरमैन पद का चुनाव नहीं लड़ा। अब पार्टी की ओर से उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें मनोनित पार्षद नियुक्त किए जाने की सिफारिश की। जिसके बाद मनोनित सदस्य नियुक्त हुए।

प्रीति गर्ग व देवेंद्र सैनी को मनोनित पार्षद नियुक्त किए जाने के फैसले का पार्टी के कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया है। नवनियुक्त मनोनित पार्षद प्रीति गर्ग व देवेंद्र सैनी ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, नेपाल राणा, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व पार्टी का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शहर का समुचित विकास करवाना होगी। जिसके लिए वह अपना हर संभव प्रयास करेंगे।

## श्रीलाल में मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर हुआ गुरु महोत्सव मनाया

# 'भर लो झोलियां' ...भजन पर खूब झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री लाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में वीरवार को गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हए। श्रद्धालुओं ने बावा लाल जी के स्वरूप को तिलक लगाया और माथा टेका।

गुरु महोत्सव को लेकर सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगना आरंभ हो गया था। मंदिर को खूब सजाया संवारा गया। मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर गुरु महाराज को तिलक कर माथा टेका और आचार्य गोपाल राज से प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। इस दौरान मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें कई भजन मंडलियों के सदस्यों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। भजनिको ने जब भर लो झोलियां भर लो झोलियां बावा लाल दे द्वारे तो भर लो झोलियां भजन गया तो श्रद्धालु अपने आप को रोक नहीं पाए और झूमने लगे।



यमुनानगर। श्रीलाल द्वारा में गुरु पुर्णिमा महोत्सव के अवसर पर गुरु महाराज का आर्शीवाद प्राप्त करते हुए श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि।*

### व्यास पूर्णिमा के नाम भी जाना जाता है यह दिन

श्री लाल द्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा व स्टेज सैकटरी केवल लूथरा ने बताया कि हर वर्ष गुरु महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु को समर्पित होता है। उन्होंने कहा कि बिना गुरु के ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती हैए सच्चे गुरु की जब प्राप्ति हो जाती है तो जीवन से सभी प्रकार के अंधकार मिट जाते है। उन्होंने कहा कि हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाने की परंपरा है। इस दिन घर बड़ेए बुजूर्ग और जिनसे भी आपने जीवन में कुछ न कुछ सीखा है उनके प्रति सम्मान अर्पित करने का दिन है।उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा के दिन ही महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास जी का जन्म दिवस भी मनाया जाता हैए व्यास जी को ही सभी 18 पुराणों का रचयिता माना गया हैए इतना ही नहीं व्यास जी को ही वेदों का विभाजन करने का श्रेय प्राप्त हैए कहीं कहीं गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस मौके पर सुदर्शन ऐरी, दविन्द्र मेहता, नरेंद्र ओबेरॉय, वासुदेव वर्मा, सोनू मेहता, मोनू मेहता, राजेंद्र सोबती, विजय शर्मा, प्रदीप चड्ढा, संदीप दत्ता व विक्की मेहता आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## 117 लोगों को दवाइयों का किया वितरण

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए नवीन संकल्प शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम द्वारा आज थानेसर हल्के के साधु राम आश्रम में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया।सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आज के नवीन संकल्प शिविर में 117 लोगों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां दी गई।

## जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक सहायता की



**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने अनाज मंडी थानेसर के गेट पर जरूरतमंद परिवारों को कपड़े, खाने-पीने का सामान व आर्थिक सहायता करके उनका सहयोग किया। सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि गरीब परिवारों को जरूरत का सामान व आर्थिक सहयोग देकर उनकी मदद की जा रही है। इसी कड़ी में वीरवार को सतयुग दर्शन ट्रस्ट की कुरुक्षेत्र शाखा के सदस्यों ने अनाज मंडी में जरूरतमंद 70 परिवारों को नए वस्त्र, खाने-पीने का सामान व हर परिवार को 500 रुपए नकद धन राशि देकर उनकी आर्थिक रूप से भी मदद की।

## छात्राओं को बाल विवाह के प्रति किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र।** गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सविता राणा प्रोटेक्शन ऑफिसर महिला थाना, क्लर्क अमित, लीगल सर्विस अथॉरिटी विजय, एमसीडी बाल भवन संध्या सैनी कुरुक्षेत्र द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत छात्राओं को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है, जिससे बच्चों का बचपन, शिक्षा और भविष्य प्रभावित होता है।

## प्राकृतिक खेती को लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. कर्मचन्द ने कहा कि प्राकृतिक खेती ही भविष्य की सुरक्षित खेती है, जिससे न केवल स्वास्थ्य सुधरेगा, बल्कि मिट्टी और पर्यावरण भी संरक्षित रहेंगे। प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण संस्थान में एग्रीकल्चर सुपरवाईजर के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर कृषि उपनिदेशक मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे।

### जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व, मंदिरों में भक्तों का लगा तांता

# शिष्य के मार्गदर्शन व भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले भर में गुरु पूर्णिमा की धूम रही। जगह-जगह भंडारे के आयोजन हुए। गुरु की पूजा अर्चना के लिए आश्रमों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। बड़ी संख्या में बाहर से आए भक्तों ने विभिन्न आश्रमों, मंदिरों में गुरु दर्शन का लाभ कमाया। आश्रमों में कहीं भंडारे का आयोजन किया गया तो कहीं अखंड रामायण का पाठ किया गया। देर शाम तक मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। उधर, शिक्षण संस्थाओं में वक्ताओं ने जीवन में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर-3 विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदना सत्र में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन दयानंद सदन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय आचार्या श्रीमती कविता दत्त ने गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं उद्देश्य से छात्रों को अवगत कराया। कार्यक्रम में कक्षा अष्टम एवं कक्षा चतुर्थ के अभिभावकों की भी उपस्थित रही।





विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों गीत, कविता व भाषण के माध्यम से गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बताया कि इस संसार में प्रत्येक मनुष्य का गुरु अवश्य होता है,संसार में एक गुरु ही होता है, जो अपने शिष्य को आगे बढ़ते हुए देखकर खुश होता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य गण की गरिमामय उपस्थिति रही एवं छात्रों ने चरण स्पर्श कर अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## विद्यार्थियों ने गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता की व्यक्त

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा में हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना सभागार में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात कक्षा 10वीं की छात्रा आंचल ने कविता, सरगम और प्रज्ञा ने कबीर दास जी के के दोहे सुनाएं। कक्षा 9वीं की छात्रा कृति ने भाषण और भजन प्रस्तुत किए। विशेष रूप से कक्षा 9वीं की छात्रा खुशबू द्वारा प्रस्तुत गुरु की महिमा पर गीत ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के पूरे वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा और श्रद्धा का भाव देखा गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या सुमन बाला ने सभी को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दी।

## *पिपली सरस्वती रिवर फ्रंट घाट पर हुआ हवन, सरस्वती पूजन, संतों का सम्मान और भंडारा*



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत आज पिपली सरस्वती रिवर फ्रंट घाट पर मां सरस्वती का पूजन किया गया, संतों, महानुभावों की मौजूदगी में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संतों का सम्मान एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि आज के पावन दिवस पर संत महात्माओं और धर्म प्रेमियों की मौजूदगी में पिपली सरस्वती रिवर फ्रंट घाट पर भव्य सरस्वती मंदिर निर्माण कार्य की शुरूआत की गई है। इस मौके पर सीएम कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, सरस्वती सेवा समिति के सदस्यों, पार्षद पंकज खन्ना, अधिकारी, धर्मप्रेमी शामिल हुए। सभी ने हवन यज्ञ में आहुतियां डालीं। धुमन सिंह किरमच ने बताया कि सरस्वती नदी में स्वच्छ और निर्माण पानी की धारा के बहाव, स्वच्छता को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पवित्र सरस्वती नदी के घाट अब फिर से पुनर्जीवित होंगे और यहां पिंडदान और तर्पण का कार्य फिर से शुरू किया गया है। आज इसी कड़ी में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पिपली सरस्वती घाट पर पहला तर्पण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

## महोत्सव पर भजनों से वातावरण को बनाया भक्तिमय

**पिहोवा।** सरस्वती सरोवर के तट पर स्थित श्री पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर व श्री दक्षिणा काली पीठ मॉडल टाऊन में भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमहंत बंसी पुरी के सम्मान में 36वां गुरू पूर्णिमा महोत्सव परंपरागत रूप से मनाया गया। जानकारी देते हुए पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर के व्यवस्थापक स्वामी महेश पुरी ने बताया कि कार्यक्रम में अनेक संत महात्माओं सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम प्रभु भक्ति का गुणगान किया गया। तत्पश्चात गुरू पूजन शुरू हुआ। कार्यक्रम में महिला संकीर्तन मंडल द्वारा अपने भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा।इस मौके पर स्वामी चमन गिरी, स्वामी खट्वांग पुरी, स्वामी आशुतोष पुरी, गोबिंदा नंद आश्रम की महंत सर्वेश्वरी गिरी, बलदेव गर्ग, सुरेंद्र बंसल, देव पूर्णिमा, गोपाल कौशिक, संजय वर्मा, विपिन काहडा, सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। श्री पंचायती अखाड़ा महा निवार्णी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी व संगमेश्वर मंदिर के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में गुजरात से दिगंबर आशु गिरी, जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, पूर्व विधायक दिल्लू राम सहित हजारों श्रद्धालु गुरु पूजन के लिए पहुंचे।



## गुरु अंधकार को दूर कर ज्ञान की ज्योति जलाता : ओंकार



**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ की ओर से जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर कुरुक्षेत्र में सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव, सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार के आशीर्वाद से स्वामी संदीप ओंकार के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन किया। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश सहित कई अन्य राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु ने अपनी अपनी थाली में ज्योति प्रज्जवलित करके गुरु-आरती की। स्वामी संदीप ओंकार ने गुरुदेव को सर्वोच्च मानते हुए गुरु वाणी का पालन करने की प्रेरणा दी और कहा कि गुरुपूर्णिमा भारतीय संस्कृति की वह दिव्य परंपरा है, जो हमें ज्ञान, अनुशासन, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। यह दिन केवल गुरु की वंदना का नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का भी अवसर है—कि हम अपने जीवन में गुरु के दिखाए मार्ग पर अग्रसर रहें। गुरुपूर्णिमा, हमें यह स्मरण कराती है कि गुरु केवल वह नहीं जो हमें पढ़ाता है, बल्कि वह भी है जो हमें जीवन जीना सिखाता है। गुरु वह दीप है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान की ज्योति जलाता है। ओंकार महायज्ञ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिला संकीर्तन मंडल की ओर से गुरु महिमा का बखान किया गया।

## सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल मे धूमधाम से मनाया गुरुपूर्व



**कुरुक्षेत्र।** सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल मे गुरु पूर्णिमा का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सुबह प्रार्थना के पश्चात मंत्रोचारण के साथ गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम शुरू हुआ। विद्यार्थियों ने इसके पश्चात अपने अध्यापकों को चंदन तिलक किया। अध्यापकों के चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात विद्यालय के मुख्य अध्यापक विपिन कुमार ने विद्यार्थियों को गुरु के महत्व के विषय में बताते हुए कहा कि हमारे ग्रंथों में भी भगवान से पहले गुरु को महत्व दिया है और विद्यार्थियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि वही विद्यार्थी अपने जीवन में लक्ष्य की प्राप्त करता है जो गुरु को भगवान समान महत्व देकर उसका सम्मान करता है।

## गुरु पूर्णिमा आत्मचिंतन का अवसर : डा. श्रीप्रकाश

**कुरुक्षेत्र।** गुरु पूर्णिमा सनातन संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र और श्रद्धा से परिपूर्ण पर्व है, जिसे गुरु के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन वेदव्यास जी का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों का संकलन और विभाजन कर मानवता को ज्ञान का मार्ग दिखाया। इस महान कार्य के कारण वे आदि गुरु के रूप में पूजे जाते हैं, और उनके सम्मान में ही इस दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाने की परंपरा है। गुरु पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित ज्ञान संवाद कार्यक्रम में यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। ज्ञान संवाद कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरु वंदना से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों को गुरुपूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा गुरु पूर्णिमा न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि यह आध्यात्मिक साधना और आत्मचिंतन का भी अवसर होता है। गुरु पूर्णिमा अत्यंत महत्वपूर्ण उत्सव है।



## गुरु के प्रति कृतज्ञता भाव अर्पित करने का दिन गुरु पूर्णिमा



**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीजः विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने गुरु पूर्णिमा के पावन दिवस पर प्रातः मुरली क्लास में उपस्थित सभी बहन भाइयों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं और शुभभावनाएं देते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा हम सभी का परमपिता, परम शिक्षक और परम सद्गुरु है, इसीलिए सद्गुरु के प्रति कृतज्ञता का भाव आज के दिन अपने दिल से सभी अर्पित करते हैं। उन्होंने बताया कि परमपिता परमात्मा आकर कैसे भारत को स्वर्ग बनाते हैं। भारत ही ऊंचे से ऊंच खंड है। भारत सभी मनुष्यों के लिए तीर्थ स्थान है और परमात्मा सब की सद्गति करने भारत में ही आते हैं। बहनजी ने बताया कि परमात्मा कौन है, कैसे सारी सृष्टि की सद्गति करते हैं, कब धरती पर अवतरित होते हैं, यह कोई नहीं जानता। परमात्मा स्वयं आकर अपना परिचय देते हैं, इसलिए तो कहते हैं -परमात्मा की गत- मत -न्यारी। उन्होंने बताया कि परमात्मा ऐसी श्रेष्ठ मत देते हैं, जिससे मनुष्य फिर देवता बन जाते हैं। मनुष्य परमात्मा की श्रीमत के अनुसार आज्ञाकारी बनने से स्वतः श्रेष्ठ गति को प्राप्त करते हैं।

## श्रीअवधूत आश्रम में श्रद्धालुओं ने किया गुरु पूजन



**कुरुक्षेत्र।** श्रीअवधूत आश्रम में गुरु आज गुरु पूर्णिमा पूजन श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 10 बजे आयोजित गुरु पूर्णिमा पूजन पर परमहंस ज्ञानेश्वर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में आश्रम से जुड़े श्रद्धालु देश विदेश से आश्रम में आकर गुरु पूजन किया। कार्यक्रम में षडदर्शन साधुसमाज के संरक्षक श्रीमहंत बंशी पुरी जी महाराज, महासचिव महंत ईश्वर दास, संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, महंत गोपाल दास, स्वामी देवी शरण, चंद्र प्रकाश, स्वामी, मंगल मुनि, स्वामी दर्शन दास, स्वामी गणेश दास, स्वामी लक्ष्मीनारायण पुरी, स्वामी गार्गी महाराज, मुनि जी, डॉ. सत्यम कौशिक, वनीता जोशी, मेघा बंगलौर इत्यादि संत समाज और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## समाज के महापुरुषों और संतों के पद चिन्हों पर चलने की जरूरत : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश व प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को हमेशा जिंदा रखने के लिए समाज के महापुरुषों और महान संतों के पद चिन्हों पर चलने की जरूरत होगी। इस देश की संस्कृति को संजोने के उद्देश्य और संतों और महापुरुषों के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ही संत महापुरुष सम्मान एवं विचार विमर्श योजना को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को प्रजापति धर्मशाला में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रजापति समाज और धर्मशाला की तरफ से गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह पर बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, प्रधान पवन कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और गुरु दक्ष प्रजापति को याद किया। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु दक्ष प्रजापति की जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से 13 जुलाई को गुरु दक्ष प्रजापति की जयंती को प्रदेश स्तर पर भिवानी में सरकार की तरफ से मनाया जा रहा है। इस जयंती समारोह में कुरुक्षेत्र से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु भिवानी पहुंचेंगे और महान पुरुषों व संतों के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। धर्मशाला के प्रधान पवन कुमार ने मेहमानों का स्वागत करते हुए उपलब्धियों और विकास कार्यों को सबके समक्ष रखा और कहा कि समाज की तरफ से समय-समय पर युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से महापुरुषों की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ताकि समाज के लोग प्रदेश की संस्कृति से हमेशा जुड़े रहे।



## विकास योजना कुरुक्षेत्र ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान 2041 के प्रारूप को किया अप्रूव : डीसी

- विभिन्न भूमि उपयोगों वाले 50 सेक्टरों में विभाजित करने का प्रस्ताव रहा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि विकास योजना कुरुक्षेत्र ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान 2041 के प्रारूप को अप्रूव किया गया। इसमें समग्र विकास योजना में संपूर्ण विकास योजना क्षेत्र को विभिन्न भूमि उपयोगों वाले 50 सेक्टरों में विभाजित करने का प्रस्ताव शामिल है। उन्होंने कहा कि प्लान 2041 में शहर की आबादी को अनुमानित 10 लाख 13 हजार मानते हुए योजना तैयार की है। शहरीकरण योग्य क्षेत्र 7065 हेक्टेयर प्रस्तावित किया गया है, इसमें शहर का मौजूदा क्षेत्रफल 193 हेक्टेयर भी शामिल है। उपायुक्त नेहा सिंह ने विकास योजना कुरुक्षेत्र ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान 2041 के बारे में बातचीत कर रही थी। इस प्लान को लेकर गत दिवस लघु सचिवालय के सभागार में थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहाबाद विधायक रामकरण काला, पिहोवा विधायक मनदीप सिंह चट्ठा, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर के साथ उपायुक्त नेहा सिंह ने डेवलपमेंट प्लान 2041 को लेकर विचार विमर्श किया। इस विचार विमर्श के बाद सभी की सहमति के साथ योजना को सहमति दी गई।

**तैयारी** एसपी ने बैठक में पुलिस अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# कांवड़ यात्रा के दौरान रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध
# करीब 500 जवान संभालेंगे सुरक्षा: नीतीश अग्रवाल

कावड यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का पूरा ब्यौरा रखें अधिकारी, एरिया में गस्त बढ़ाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने 11 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये हैं। हरियाणा और दूसरे राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र कावड़ लेने हरिद्वार जाएंगे। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिये पुलिस द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कावड यात्रा को लेकर मीटिंग में पुलिस अधिकारियों को दिए जरुरी दिशा-निर्देश। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कावड यात्रा को लेकर मीटिंग में पुलिस अधिकारियों को कावडियों की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा के जरुरी दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिए कि अपने एरिया से कावड यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का पूरा ब्यौरा रखें। एरिया में गस्त बढ़ाने के आदेश दिए तथा ताकि कावड़ श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई बाधा न आये। यातायात पुलिस को आदेश दिये गये कि चौंकों व भीड-भाड वाले स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मी सजगता से अपना कर्तव्य निर्वहन करें ताकि किसी भी स्थिति में जाम लगने से बचा जा सके। कावडियों के लिए लगने वाले शिविरों को उचित स्थान पर लगावाया जाए। शिविरों के पास वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का ध्यान रखें ताकि यातायात बाधित न हो। कावडियों की आड में शरारती तत्वों पर कडी नजर रखने के आदेश दिए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। जिला पुलिस के करीब 500 जवान सुरक्षा व्यवस्था को संभालेंगे, मुख्य मार्गों पर नाके लगाये जायेंगें, राइडर्स और पीसीआर गस्त पर रहेंगी। मीटिंग में जिला के सभी उप पुलिस अधीक्षक, सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## कांवड़ यात्रा पर जाने से पहले करवाएं रजिस्ट्रेशन



कावड़ मेले के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा गाइड लाइन जारी की गई हैं। पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि कावड़ लाने वाले या हरिद्वार जाने वाले सभी श्रद्धालु अपना रजिस्ट्रेशन अपने सम्बंधित थाना में अवश्य करवाकर जाऐं और अपनी आईडी साथ लेकर जाएं ताकि किसी भी परेशानी से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं से भी अपील की गई है कि वह कोई भी आपत्तिजनक वस्तु जैसे क्रिकेट बैट, हॉकी स्टीक, डंडा-लाठी, गैस सिलेंडर या अन्य किसी प्रकार का हथियार व नशीला पदार्थ साथ लेकर व नशे का सेवन करके ना जाएं। इसके अतिरिक्त वाहनों से यात्रा करके कावड लेने जाने वाले कावडियों से अपील की गई है कि कोई भी श्रद्धालु उंची आवाज में बजने वाला म्यूजिक सिस्टम अपने वाहन पर ना लगाएं। ऐसा करने वाले श्रद्धालुओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कावड़ यात्रा के दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा जारी गाईड लाईन की पालना करें।

## खबर संक्षेप


अंबाला। गुरु का आशीर्वाद लेते सोसायटी के पदाधिकारी।

### महात्मा गिरि महाराज का लिया आशीर्वाद

**अंबाला।** अंबाला शहर के घेल रोड स्थित विरक्त कुटिया में गुरुपर्व के उपलक्ष में आयोजन किया गया। जिसमें सर्वधर्म समाज कल्याण सोसायटी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा अपने प्रिय गुरुदेव विरक्त कुटिया के महात्मा गिरी महाराज को फूलमाला तथा सिरोपा भेंट कर शिष्य के रुप में आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा निंदी द्वार गुरु महिमा गंगा मैया के भजनों से भक्तों को भाव विभोर कर किया गया। सर्वधर्म समाज कल्याण की ओर से राजेंद्र कौशिक, देवी लाल शर्मा, कृष्ण गोपाल धीमान प्रधान, तरसेम पाल शर्मा मौजूद रहे।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी दर्शन लाल को गिरफ्तार किया है। ग्रीन ओमेक्स के रहने वाले अभिषेक ने 11 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्होंने हिसार-कैथल हाईवे के फ्लाई ओवर को तैयार करने के लिए टेंडर लिया हुआ है। कंस्ट्रशन के कार्य के लिए लोहे की प्लेटों, सरिया, बैरीगेटस वगैरह का इस्तेमाल होता है।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एवीटी सैल ने आरोपी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी से मोटरसाइकिल बरामद की है। लालडू के अमित कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि बलदेव नगर से किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारकंडेश्वर मंदिर में हुआ कार्यक्रम

**बराड़ा।** गांव तंदवाल में मारकंडा नदी के तट पर बने श्री मार्कंडेय ऋषि उदासीन आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ जिसमें भगवान और गुरुओं की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गुरु परंपरा के अनुसार, यह पावन पर्व पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाया गया।

### मुक्केबाज को विज ने किया सम्मानित

**अंबाला।** परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली अंबाला छावनी के शाहपुर की हरनूर कौर को हार्दिक शुभकामनाएं दी। विज ने अपने आवास पर महिला मुक्केबाज हरनूर कौर का उत्साहवर्धन करते हुए उसे पदक पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ी को प्रोत्साहन स्वरूप 11 हजार रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा की। इस दौरान मंत्री अनिल विज ने खिलाड़ी की तारीफ करते हुए उसे भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

### नए सत्र पर लगाया भंडारा, छोले कुलचे बांटे




**अंबाला।** रोटरी क्लब अंबाला शहर के नए सत्र का आरंभ होने के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें छोले कुचले एवं हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। क्लब के नवनियुक्त प्रधान रोटेरियन राजीव अनेजा के नेतृत्व में अंबाला शहर के पुराने सिविल अस्पताल के समीप राधेश्याम मंदिर में यह आयोजन किया गया। इस भंडारे में क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भोजन वितरित करने में अपना सहयोग दिया।

---

**एसपी अजीत सिंह शेखावत ने दिए निर्देश, हर शिविर में आयोजकों को लगाने होंगे सीसीटीवी कैमरे**

# गंगाजल लाने वाले कांवड़ियों को करवाना होगा रजिस्ट्रेशन, हथियार पर पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि सावन महीने के साथ ही कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। सावन महीने में हरिद्वार से गंगाजल लाकर कांवड़िए अपने-अपने शहर व गांव के मंदिरों में गंगा जल चढ़ाते हैं। सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान आमजन में बड़ा उत्साह देखा जाता है। युवाओं से लेकर, बुजुर्ग और महिलाएं भी बड़ी संख्या में कांवड़ लेकर आती हैं। ऐसे में कांवड़ यात्रा को लेकर कांवड़ियों की सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए इस बार विशेष नियम बनाए गए हैं। इन नियमों के अनुसार कांवड़िए अपने साथ भाले, त्रिशुल या किसी अन्य प्रकार का हथियार साथ लेकर नहीं चल पाएंगे। यात्रा मे जाने वाले सभी श्रद्धालु अपने-अपने थाना में खुद का रजिस्ट्रेशन जरूर करवाएं। सभी कांवड़िओं के लिए आईडी कार्ड रखना अनिवार्य रहेगा। इस दौरान कांवड़ यात्रियों से अपील की जा रही है कि वो किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करें। सड़क पर निर्धारित लाइन में चलते हुए यातायात के नियमों का पालन करें। बिना साइलेंसर की बाइकों का इस्तेमाल न करें। शांतिपूर्वक इस कांवड़ यात्रा में शामिल हो। शिविर लगाने वाली संस्थाओं को भी शिविर लगाने से पहले पुलिस को सूचना देनी होगी। सड़क के बाएं तरफ (लेफ्ट) में निंधारित दूरी पर ही शिविर लगाने की अनुमति मिलेगी। हर शिविर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने बताया कि इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान शिविर लगाने वाली संस्थाओं से अपील की गई हैं कि शिविर लगाने की सूचना नजदीक पुलिस थाना को जरूर दें। यात्रा के दौरान जितने भी मार्गों से कांवड़िए अपनी यात्रा करेंगे उन मार्गों पर सहायता के लिए पुलिसकर्मी व वाहन तैनात रहेंगे। अगर कोई सड़क हादसा हो भी जाता है तो उसके लिए भी मेडिकल सुविधाओं का पूरा इंतजाम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों की पालना करते हुए अपनी कांवड़ यात्रा पूर्ण करें।



**डायल 112 पर प्राप्त कर सकते हैं सहायता**

किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकतें हैं। एसपी ने कहा कि पुलिस सदैव आपकी सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। **-अजीत सिंह शेखावत, पुलिस अधीक्षक**

---

# बारिश से रिहायशी भवन की छत ढही, गरीब परिवार का सारा घरेलू सामान मलबे में दबा

## पीड़ित परिवार ने सरकारी से आर्थिक मदद की गुहार लगाई

- गनीमत रही कि हादसे के वक्त कमरे में कोई नहीं था, वरना भारी नुकसान हो सकता था
- कमरे में रखा टीवी, फ्रिज, पंखा, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान मलबे के नीचे दबकर पूरी तरह से खराब हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मुलाना

बुधवार रात कस्बे में बारिश ने एक गरीब परिवार की मुश्किलें बढ़ा दीं। लगातार हो रही बारिश के कारण एक कच्चे कमरे की छत अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त कमरे में कोई नहीं था। वरना भारी जानी नुकसान हो सकता था। कमरे में रखा टीवी, फ्रिज, पंखा, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान मलबे के नीचे दबकर पूरी तरह से खराब हो गया है। पीड़ित रमेश ने बताया कि उसके साथ परिवार में 6 सदस्य रहते है। वह और उसका भाई राकेश कबाड़ी का काम और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। बुधवार की रात बारिश शुरू हुई और परिजनों ने देखा कि कमरे की छत आवाज कर रही है। जिसके चलते उस कमरे से बाहर आ गए। कमरा कई दिनों से टपक रहा था। जैसे ही वो कमरे से बाहर आए तो कच्ची छत भरभराकर गिर गई। उन्होंने बताया कि छत पहले से ही जर्जर हालत में थी। बारिश के कारण छत लगातार टपक रही थी। जिसके चलते छत गिर गई और सारा सामान मिट्टी के नीचे दब गया। उन्होंने बताया कि अन्य कमरे भी बारिश में टपकते हैं।

उनके भी गिरने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पास के ही एक घर में शरण ली है। रमेश का कहना है कि वे पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। अब यह हादसा उनके लिए दोहरी मुसीबत बन गया है। उनके पास इतना भी साधन नहीं है कि मकान की मरम्मत करवा सकें। उन्होंने बताया कि पक्की छत योजना के तहत भी कोई राशि नहीं मिली है। मुलाना के सरपंच प्रवीन कुमार ने बताया कि पीडित रमेश कुमार के घर का सर्वे हो चुका है। जल्द ही पीड़ित को सरकारी योजना का लाभ मिलने की उम्मीद है। रमेश की छत गिरने का मामला भी बीडीपीओ बराड़ा सहित ग्राम सचिव के संज्ञान में डाल दिया गया है।

गिरी हुई छत दिखाता पीड़ित




अंबाला। नालों की सफाई का जायजा लेते विधायक निर्मल सिंह।

# पूरी तरह नहीं हो पाई नालों की सफाई: निर्मल सिंह

**विधायक ने बरसात में नालों की सफाई का लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

बरसाती सीजन शुरू हो चुका है। अंबाला शहर एक बार फिर जलभराव की आशंका की ज़द में है। ऐसी स्थिति में शहर के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने अंबाला शहर की जमीनी स्थिति का जायज़ा लेते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मौक़े पर ही ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें न तो उद्घाटन करने का शौक़ है और न ही फीता काटने का। उनका प्राथमिक उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान और सेवा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर वाटिका ड्रेन,मनमोहन नगर ड्रेन, शंभू टोल प्लाज़ा ड्रेन और घेल ड्रेन का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि कई नालों की सफ़ाई पूरी नहीं हुई है। जल निकासी की स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि यदि मानसून के दौरान यही हालात रहे तो शहर को फिर से जलभराव का सामना करना पड़ेगा।

निर्मल सिंह ने कहा, यह समय प्रचार या प्रतीकात्मक कामों का नहीं है। मैंने हमेशा से कार्य करने को प्राथमिकता दी है न कि मंचों पर फीता काटने या तस्वीरें छपवाने को। जनता ने मुझे सेवा के लिए चुना है और मैं इस ज़िम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाउंगा। उन्होंने विधानसभा में उठाई गई आवाज़ और प्रशासन के समक्ष रखी गई मांगों का असर अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

---

**डंकी रूट से लोगों को विदेश भेजने के मामले में हो रही जांच**

# नन्यौला में ईडी के छापे से लगाए जा रहे है अलग-अलग कयास

- कई घंटे तक चली लंबी पूछताछ के बाद जांच टीम वापस लौट गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

डंकी रुट से विदेश भेजने के मनी लॉड्रिंग से जुड़े एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंबाला शहर के नन्यौला गांव के गुरजिंदर के घर पर रेड की। पांच सदस्यीय टीम सुबह सात बजे गुरजिंद्र के घर पहुंची थी। कई घंटे तक चली लंबी पूछताछ के बाद जांच टीम वापिस लौट गई। इस दौरान स्थानीय लोगों को भी गुरजिंदर के घर नहीं जाने दिया। गांव के सरपंच ने भी ईडी से बात करने की कोशिश की मगर टीम के सदस्यों ने उनसे भी बात नहीं की। गांवों के लोगों की मानें तो गुरजिंदर डंकी रूट से विदेश भेजने का काम करता था। वह कई बार जालंधर भी जाता था। गुरजिंदर का भाई अमेरिका में रहता है। ईडी की टीम डंकी रूट से विदेश भेजने के इस मामले की जांच करते हुए जालंधर से मामले का पीछा करती हुई अंबाला पूछताछ के लिए आई थी। इस मामले को मनी लॉड्रिंग से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि अभी ईडी की टीम ने खुलासा नहीं किया है कि गुरजिंदर की संलिप्ता थी या नहीं। बता दें कि कुरुक्षेत्र व करनाल के अलावा पंजाब में 11 स्थानों पर ईडी ने एक साथ रेड की है। पंजाब व हरियाणा में पुलिस अधिकारियों द्वारा ट्रैवल व वीजा एजेंटों और बिचौलियों के खिलाफ दर्ज 17 एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की गई थी। आरोपियों ने यूएसए जाने के इच्छुक विभिन्न व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी की थी।जांच के दौरान यह पता चला था कि एजेंट उन लोगों को निशाना बनाते थे जो विदेश जाने के इच्छुक थे। उन्हें कानूनी चैनलों और उड़ानों के माध्यम से विदेश भेजने का झूठा वादा करते थे।

---

**सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने राज्य सरकार पर किया तीखा वार**

**पानी निकासी की व्यवस्था चरमराई**

# बरसात में खुली सरकार की व्यवस्थाओं की पोल, नरक में तब्दील हो गए शहर

- गरीबों की थाली से रोटी छीनने का काम कर रही है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी सैलजा ने एक बार फिर बरसाती सीजन में राज्य सरकार की अव्यवस्थाओं पर तीखा वार किया। उन्होंने कहा कि मानसून के आरंभ होते ही अधिक2तर नगरों में जलभराव की भीषण समस्या लोगों के लिए मुसीबत बन रही है। सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता के साथ मजाक किया है। उन्होंने कहा कि जिन बीपीएल परिवारों को गुमराह कर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आई है अब उन परिवारों पर राशन कार्ड काटकर उन्हें सड़क पर लाने का काम किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा वीरवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन के आवास पर मीडिया से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन व वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री किरण बाला जैन का हालचाल जाना पूरे जैन परिवार से गले मिली। यहां आने से पहले कुमारी सैलजा ने किसान नेता अमरजीत सिंह मोहड़ी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पवन अग्रवाल की माता के निधन पर उनके घर जाकर शोक जताया।


अंबाला। कांग्रेस की नेता किरण बाला जैन से मुलाकात करतीं सांसद सैलजा।

**6.50 लाख परिवारों की उम्मीदों पर पानी फेरा**

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने बीपीएल परिवारों को बेहतर व्यवस्था देकर उनका जीवन स्तर उंचा उठाने का लालच दिया था। मगर सत्ता में आते ही अब उन परिवारों की उम्मीदों पर पानी फेरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में 6.50 लाख परिवारों को बीपीएल के दायरे से बाहर कर दिया। पहले से ही गरीबी की मार झेल रहे ये परिवार अब सड़कों पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि पीला राशन कार्ड बनवाने के लिए ये परिवार एक बार फिर सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले बीपीएल परिवार को मिलने वाला तेल महंगा कर दिया।

---

**बैठक** | **ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मीटिंग के दौरान दिए निर्देश**

# हर वार्ड में सफाई व स्ट्रीट लाइट पर नजर रखेगी कमेटी, चार सदस्य कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों, नगर परिषद प्रधान, उपप्रधान व पार्षदों की संयुक्त बैठक हुई।

बैठक में सर्वप्रथम कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी से जिला भाजपा कार्यकारिणी में नवनियुक्त उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता डिंपल के अलावा मंत्री नरेश शर्मा व मंत्री आरती सहगल को शुभकामनाएं दी। विज ने छावनी में सभी वार्डों में नालों में सफाई, स्ट्रीट लाइट, पानी व अन्य व्यवस्था पर नजर रखने के लिए प्रत्येक वार्ड में एक सदस्य के साथ तीन-तीन वार्ड के लोगों की कमेटी गठित करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा यह कमेटी वार्ड अनुसार अपने इलाको की सफाई , बिजली आदि समस्याओं का मुआयना कर उनका समाधान करेगी। इसी प्रकार मंत्री ने अंबाला छावनी की 11 सदस्यीय निगरानी समिति का भी गठन किया है जोकि अंबाला छावनी विधान सभा में चल रहे विकास एवं अन्य कार्यों की निगरानी व निरीक्षण करेगी। समिति में सोम चोपड़ा, ओम सहगल, राजीव गुप्ता डिंपल, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, सुरिंदर बिंद्रा, आरती सहगल, बलित नागपाल, तरविंदर सिंह, संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल को इस निगरानी समिति का सदस्य नियुक्त किया गया। बैठक में अम्बाला छावनी में विकास कार्यों एवं अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, मंडल प्रधान रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, विकास बहल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नप सदस्य मौजूद रहे।


अंबाला। पार्टी नेताओं के साथ मीटिंग में मंत्री अनिल विज।

---

**पूर्व मंत्री गोयल ने अधिकारियों को दिए निर्देश, आमजन के चक्कर न कटवाएं**

# तीन गांवों में पानी की समस्या होगी दूर 1.72 करोड़ की योजना का शिलान्यास

- नायब सरकार शहरी क्षेत्र और ग्रामीण आंचल में तेज़ी के साथ विकास कार्य करवा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के 3 गांवों को महत्वपूर्ण सौगात मिली है। गांव वासियों की मांग को पूर्ण करवाते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने रोशनपुर,जैतपुर और जंधेड़ी गांव में पीने के पानी की पाइपलाइन डालने के कार्य का शिलान्यास किया। जिसकी अनुमानित लागत लगभग 1 करोड़ 72 लाख रुपए होगी। इन कार्यों का शिलान्यास करने गांवों में पहुंचे पूर्व मंत्री असीम गोयल का गांव वासियों ने गर्मजोशी के साथ पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर स्वागत किया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बताया कि पीने के पानी की पाइपलाइन को लेकर गांव वासियों की मांग नायब सरकार ने पूरी की है। उन्होंने कहा कि आज नायब सरकार शहरी क्षेत्र और ग्रामीण आंचल में तेज़ी के साथ विकास कार्य करवा रही है और विकास के लिए कटिबद्ध है। सरकार का विकास रथ पूरे प्रदेश में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। गोयल ने अपने निवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही समाधान करवाया। शहर विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों से आए लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें व समस्याएं पूर्व मंत्री असीम गोयल के समक्ष रखी।


पाइपलाइन डालने की योजना का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।